## एक नजर

### रास्ते के विवाद में युवक पर हमला, बांके से किए वार

**बीसलपुर, अमृत विचार** : रास्ते के पुराने विवाद में एक युवक पर हमला कर दिया गया। बांके से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसटा जलालपुर के रजिस्टर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में ही शनिवार रात करीब नौ बजे तजा रहे थे। इस बीच गांव के ही हरकेश ने इस रास्ते से निकलने से मना कर दिया। पीड़ित बिना कुछ कहे चुपचाप आगे चलता रहा। इसी दौरान आरोपी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। बांके से वार कर लहूलुहान कर दिया गया। शोर सुनकर पीड़ित के परिवार की महिलाएं मौके पर पहुंची और बीच बचाव कराना चाहा। इस पर उनकी भी पिटाई कर दी गई। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### हंगामा करने से रोका तो कर दी पिटाई

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव गहलुईया के अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अक्टूबर को गांव का राजेश कुमार नशे की हालत में आकर गाली गलौज करने लगा। जब घर के बाहर गाली देने से मना किया तो उसने झगड़ा शुरू कर दिया। विरोध करने पर राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, लाल बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद ने मारपीट की। धारदार चीज से वार करके लहूलुहान कर दिया। शोर पर लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# बीज रहित खीरा के बाद रंगीन शिमला मिर्च, ड्रैगन फ्रूट की है तैयारी

## इजरायल से बीज मंगवाकर पॉली हाउस में किया था खीरे का उत्पादन, दो एकड़ में 70 से 80 टन शिमला मिर्च की हो सकेगी पैदावार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** तकनीक का साथ मिलते ही खेती-किसानी भी अब फायदे का सौदा बनती जा रही है। उन्नत तकनीक के सहारे किसानों की उपज, कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और कमाई तीनों ही बढ़ रही हैं। खास कर कृषि के क्षेत्र में जो नए और पढ़े-लिखे युवा आ रहे हैं वे अपनी किस्मत के साथ खेती की तस्वीर भी बदल रहे हैं। जनपद के प्रगतिशील युवा आयुष अग्रवाल किसानों के लिए मिसाल बन रहे हैं। आयुष अब तक स्ट्राबेरी, ब्रोकली एवं संकर सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर चुके हैं। वर्तमान में दो पॉली हाउस में कलर्ड शिमला मिर्च की खेती की जा रही है। छह माह तक करीब 70 से 80 टन कलर्ड शिमला मिर्च के उत्पादन की संभावना जताई जा रही है।

पीलीभीत राजघराने से ताल्लुक रखने वाले आयुष अग्रवाल वर्तमान में एलएच शुगर मिल के डायरेक्टर हैं। पिता स्व. आदित्य अग्रवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए आयुष अग्रवाल ने तमाम जिम्मेदारियों के साथ खेती और बागवानी के शौक को जिंदा रखा और वर्तमान में आयुष किसानों के लिए मिसाल बनते जा रहे हैं। शहर से सटे नौगवां पकड़िया स्थित फॉर्म हाउस पर युवा आयुष अग्रवाल अब तक स्ट्राबेरी, ब्रोकली, सीडलैस खीरे एवं समेत कई अन्य हाईब्रिड सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर चुके हैं। उनके द्वारा उत्पादित सब्जी फसलें महानगरों में सप्लाई होती आ रही हैं। लखनऊ में इसी वर्ष फरवरी में आयोजित हुई प्रादेशिक प्रदर्शनी में औद्योगिक खेती के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन पर आयुष अग्रवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित भी हो चुके हैं। इधर उद्यान विभाग की मदद से आयुष अग्रवाल अब दो अलग-अलग पॉली हाउस में कलर्ड शिमला मिर्च का उत्पादन कर रहे हैं।


पॉलीहाउस में रंग-बिरंगी शिमला मिर्च की खेती की देखभाल करते श्रमिक। ● अमृत विचार


शिमला मिर्च के साथ उगाए गए चेरी टमाटर की जानकारी देते महावीर सिंह।

### अन्य फसलों से 10 गुना अधिक होगा मुनाफा, सवा महीने बाद तैयार होगी फसल

एक-एक एकड़ में बने दो अलग-अलग बने पॉली हाउस में रंग बिरंगी शिमला मिर्च की खेती की जा रही है। इजरायल के बीज से नर्सरी तैयार कर इसे पॉली हाउस में लगाया गया है। पॉली हाउस में मैनेजर ग्रोइंग की जिम्मेदारी संभाल रहे महावीर सिंह ने बताया कि करीब सवा महीने बाद कलर्ड शिमला मिर्च का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक तौर-तरीकों को इस्तेमाल कर दो एकड़ में करीब 70 से 80 टन कलर्ड शिमला मिर्च का उत्पादन होगा। दिल्ली जैसे महानगरों के बाजार में इसकी कीमत 70 लाख से अधिक होगी। जोकि धान-गेहूं जैसी सामान्य फसलों से 10 गुना अधिक होगा। उन्होंने बताया कि बाजार में इसकी कीमत 100 से 400 रुपये प्रतिकिलो तक रहती है। बताया कि खासकर फाइव स्टार होटलों में रंग-बिरंगी शिमला मिर्च की मांग सालभर बनी रहती है ऐसे में बाजार उपलब्ध होने पर फसल के खराब होने का डर भी नहीं रहता है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व पॉली हाउस में करीब 60 टन सीडलैस खीरे का उत्पादन किया गया था। शिमला मिर्च के साथ प्रयोग के तौर पर चेरी टमाटर की पौध लगाई गई है। एक पौध से करीब 04 से 15 किलो टमाटर का उत्पादन होगा। चेरी टमाटर का उपयोग सूप आदि बनाने के ज्यादा होता है। बाजार में एक किलो चेरी टमाटर की कीमत 250 रुपये प्रति किलो है। फार्महाउस की देखरेख करने वाले दुर्गा प्रसाद वर्मा ने बताया कि अब ड्रैगन फ्रूट उगाने की तैयारी चल रही है।

- गैर पंरपरागत खेती के साथ कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए मिसाल बने आयुष
- अन्य फसलों की अपेक्षा 10 गुना अधिक मुनाफा देगी इस शिमला मिर्च की खेती

### जनपद में चार स्थानों पर होती है पॉली हाउस में खेती

उद्यान विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत जनपद में चार स्थानों पर पॉली हाउस के माध्यम से खेती की जा रही है। उद्यान निरीक्षक रामेश्वर दयाल ने बताया कि पॉलीहाउस वन टाइम इनवेस्मेंट तकनीक है, जो सालों तक किसानों को कम लागत में अच्छा मुनाफा कमा कर दे देती है। उन्होंने सरकार इस पर 50 फीसदी का अनुदान भी देती है। पॉलीहाउस में उगने वाली सब्जियां संरक्षित ढांचे और प्लास्टिक की छत के कारण सुरक्षित रहती है. इतना ही नहीं, संरक्षित ढांचे में कीड़े और बीमारियों की संभावना भी कम ही रहती है।


पॉली हाउस में लगी शिमला मिर्च, जो सवा महीने बाद रंग बिरंगी शिमला मिर्च में होगी तब्दील।

## लेखपाल ने प्रधान पति से की अभद्रता, भड़का प्रधान संगठन

**बिलसंडा, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत तिलछी में ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश करने के दौरान हल्का लेखपाल द्वारा प्रधान पति से की गई अभद्र टिप्पणी की जांच अब तहसीलदार करेंगे। एसडीएम ने प्रधान संगठन की शिकायत पर आरोपी लेखपाल के खिलाफ जांच शुरू कराई है।

बता दें कि एक बार तहसील क्षेत्र का एक लेखपाल चर्चित है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति से उस वक्त अपशब्द कहे जब वह ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश की बात कह रहे थे। लेखपाल का वीडियो भी वायरल हुआ। इसके बाद से उसकी न केवल फजीहत हो रही है ,बल्कि अब प्रधान संगठन भी इस मामले को लेकर खफा है। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन गंगवार की अगुवाई में दर्जन भर से अधिक प्रधानों ने एसडीएम नागेंद्र पांडेय से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने वह वीडियो भी एसडीएम को दिखाया जिसमें लेखपाल प्रधान पति से अभद्र टिप्पणी कर रहा था। आरोप है कि उक्त लेखपाल जिस सर्किल में तैनात रहा, वहां पर हमेशा उसने विवाद उत्पन्न किए। लेखपाल के खिलाफ जल्द कार्रवाई ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने मामले की जांच बीसलपुर तहसीलदार कर्म सिंह को सौंपी है।

# केंद्रीय मंत्री ने कराई दंगल की शुरुआत


फीता काटकर दंगल की शुरुआत कराते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचार:** केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने फीता काटकर मझोला महोत्सव के दंगल की शुरुआत कराई। रविवार को वह बतौर मुख्य अतिथि मझोला पहुंचे थे। नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

मझोला महोत्सव में एसके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जगजीत सिंह जग्गू प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह प्रिंस, बलजिंदर सिह आदि ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह समेत अन्य तमाम नेता भी साथ रहे। पूर्व सभासद पूजा बड़गोती ने हल्दी का टीका लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान सूरजपुर परमजीत सिंह पैरी ने दंगल कमेटी को 11000 रुपये, खिलाड़ियों को 500-500 रुपये देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर दिग्विजय सिंह, लेखराज भारती, गुरपाल सिंह, महेंद्र गंगवार, मानसिंह राठौर, राजीव प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, विकास अग्रवाल, हरीश आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण के घर में घुसा मगरमच्छ हड़कंप



**बिठौराकलां, अमृत विचार:** आबादी में मगरमच्छ के पहुंचने का सिलसिला बरकरार है। रविवार सुबह ग्राम हट्टुआ बिजलई में राजेंद्र के मकान में मगरमच्छ पहुंच गया। परिवार के सदस्यों की नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। शोर मचाते हुए परिवार के लोग घर से बाहर आए। आसपास के ग्रामीण भी जमा हो गए। इसकी सूचना गांव के ही करन शर्मा ने वन विभाग को दी। कुछ देर बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो चुके थे। टीम ने बमुश्किल मगरमच्छ को पकड़ा। तब जाकर परिजन ने राहत की सांस ली।

# फिर सामने आया प्रसव के नाम पर वसूली का मामला

संवाददाता, पूरनपुर

- प्रसव के बाद प्रसूता के पति से दो हजार जमा कराने का आरोप

**अमृत विचार:** सीएचसी में प्रसव के दौरान वसूली पर रोकथाम नहीं लग पा रही है। एक और मामला सामने आया है। जिसमें प्रसव के बाद स्टाफ पर दो हजार रुपये लेने का आरोप है। इसके अलावा प्रसूता के पति ने एंबुलेंस चालक पर भी प्रसूता को अस्पताल पहुंचाने के लिए रुपये लेने का आरोप लगाया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव को लेकर आए दिन लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं। प्रसव के दौरान प्रसूता से उगाही के कई मामलों की शिकायत अधिकारियों से की जा चुकी है। ऐसे ही एक मामले की शिकायत हाल ही में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरिदत्त नेमी ने की थी। जिसमें पूरनपुर सीएचसी की दो स्टाफ नर्सों पर कार्रवाई भी की गई। इसके बाद भी सरकारी अस्पतालों में प्रसुताओं से रुपये लेने के मामले नहीं रुक रहे हैं। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद के राम सनेही वर्मा ने अधिकारियों से की शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपनी गर्भवती पत्नी को बीते 14 अक्टूबर को माधोटांडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। गर्भवती पत्नी को अस्पताल पहुंचाने के लिए 102 के एंबुलेंस चालक ने 500 रुपये लिए।

इसके बाद अस्पताल में प्रसव के बाद आशा के माध्यम से एएनएम ने डॉक्टर के नाम पर दो हजार रुपये लिए। रामसनेही ने एंबुलेंस चालक द्वारा भी रुपये लेने की शिकायत चिकित्सा वाहन एंबुलेंस अधिकारी को पत्र भेज कर की है। सीएचसी प्रभारी डा. राकेश कुमार ने बताया कि ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। मिठाई के नाम पर कुछ लोग पैसे देते हैं। जबकि उन्हें भी नहीं देने चाहिए। मामले को दिखवाया जाएगा।

## एसके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सम्मानित




**मझोला, अमृत विचार:** एसके पब्लिक स्कूल को बेहतर परीक्षाफल, खेल-कूद एवं अन्य गतिविधियों को लेकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक जगजीत सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उधम सिंह नगर एसोसिएशन इंडीपेंडेंट स्कूल की ओर से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार सीबीएसई, देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक मनीष अग्रवाल ने दिया। इसे लेकर प्रबंधक को तमाम लोगों ने बधाई दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह समेत समस्त स्टाफ ने सराहना की।

# अयोध्या में हुई प्रतियोगिता में हरैया के छात्रों ने दिखाया दम


अयोध्या में पुरस्कृत किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** 68 वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय खोखो प्रतियोगिता अयोध्या के स्टेडियम में कराई गई। बेसिक शिक्षा परिषद के ब्लॉक बिलसंडा के जूनियर हाईस्कूल हरैया के कक्षा सात के छात्र शिवा, कक्षा आठ से मोनूपाल, विराट, सदान ने इसमें शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन किया। इस पर उन्हें सम्मानित किया गया है।

बता दें कि उक्त चारों खिलाड़ियों ने इससे पहले जिला और मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके दमखम दिखाया था। राज्य स्तर की खो-खो प्रतियोगिता के लिए इनका चयन हुआ। स्टेट लेवल की खो-खो प्रतियोगिता शनिवार और रविवार को अयोध्या के डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान में कराई गई । जिसमें जूनियर हाई स्कूल हरैया के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। चारों छात्रों और उनके कोच ब्लॉक व्यायाम शिक्षक फैजान अली को राज्य स्तर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बच्चों और कोच के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने शिकायतों का किया भौतिक सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ने पूरनपुर तहसील क्षेत्र में पहुंचकर आईजीआरएस पोर्टल की दो निस्तारित शिकायतों का मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया और शिकायतकर्ताओं से भी बातचीत की।

डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार को पूरनपुर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता गांव अमरैयाकलां निवासी मोहन लाल एवं गंगाराम द्वारा की गई शिकायतों का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने बताया कि शिकायतकर्ता मोहनलाल द्वारा कुआं एवं रास्ता के संबंध में शिकायत की गई थी। राजस्व टीम द्वारा मामले की जांच की गई। जांच में कुएं की परिधि में कोई कब्जा नहीं पाया गया और कुआं के बराबर से रास्ता है, जिस पर खड़ंजा पड़ा हुआ है। पूर्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कुएं की जांच की गई थी तब भी कुआं कब्जामुक्त होना पाया गया था। इसके अलावा डीएम ने शिकायतकर्ता गंगाराम द्वारा की शिकायत को मौके पर देखा। डीएम को अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा आबादी में ग्राम प्रधान के लोगों पर मकान एवं खड़ंजा डाले जाने के संबंध में शिकायत की गई थी। बताया गया कि शिकायतकर्ता ग्राम निधि से प्रधान द्वारा पानी निकास के लिए बनाई जा रही नाली के निर्माण से नाखुश है तथा शिकायत के माध्यम से नाली का निर्माण बाधित करने के लिए अनैतिक दबाव बनाना चाहता है। उक्त नाली का निर्माण उचित स्थान पर नियमानुसार कराया जा रहा है। इस मामले में ग्राम प्रधान एवं दोनों पक्षों द्वारा आपसी समझौता कर सहमति से निस्तारण करा लिया गया है। डीएम ने दोनों मामलों का भौतिक सत्यापन किया। डीएम को निरीक्षण के दौरान नाली बनती पाई गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान एवं राजस्व स्टाफ मौजूद रहा।


अमरैयाकलां में निस्तारित शिकायत के संबंध में जानकारी लेते डीएम। ● अमृत विचार

# जंगल में नेचर गाइड के तौर-तरीकों से रूबरू होंगे युवा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंगलवार को पीटीआर सभागार में प्रशिक्षण की होगी औपचारिक शुरूआत
- नेचर गाइड बनने को 240 से अधिक अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आगामी पर्यटन सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। नेचर गाइड बनने के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के तौर पर जंगल में ले जाकर तौर-तरीकों से रूबरू कराया जाएगा। हालांकि दो सत्रों में होने वाले प्रशिक्षण की औपचारिक शुरुआत सोमवार से पीटीआर सभागार में होगी। इस बार नेचर गाइड बनने के लिए 240 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का आगामी पर्यटन सत्र 15 नवंबर से शुरू होने की संभावना है। पीटीआर प्रशासन द्वारा पर्यटन सत्र को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

जंगल के बीचोबीच स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच को सजाने संवारने, पर्यटन स्थल तक जाने वाले जंगल मार्गों को दुरुस्त करने एवं नए गेट लगाने आदि को लेकर 75 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार को शासन को भेजी जा चुकी है।

बजट मिलने के बाद यह सभी कार्य कराए जाएंगें। फिलहाल फौरी तौर पर पीटीआर प्रशासन ने पर्यटन स्थलों समेत जंगल मार्गों की साफ-सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। वहीं हर साल की तरह इस बार भी करीब 100 नेचर गाइड रखे जाने हैं। पीटीआर प्रशासन द्वारा नेचर गाइडों के चयन की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

नेचर गाइड के लिए आवेदन करने की तिथि 19 अक्टूबर को निर्धारित की गई थी। इस दौरान 240 से अधिक अभ्यर्थियों ने नेचर गाइड बनने के लिए पीटीआर मुख्यालय जाकर आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया के तहत इन सभी आवेदकों को 21 से 26 अक्टूबर एवं 03 से 08 नवंबर तक दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीटीआर प्रशासन के मुताबिक सोमवार को पीटीआर सभागार में प्रशिक्षण की औपचारिक शुरुआत होगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को जंगल में ले जाकर नेचर गाइड के तौर-तरीकों से रूबरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद संस्था द्वारा एक परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके आधार पर सत्र के लिए नेचर गाइडों का अंतिम चयन होगा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रशिक्षण की औपचारिक शुरूआत कर दी जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा।




# मेला कमेटी ने दोबारा शुरू कराया निर्माण तो दौड़ी टीमें

संवाददाता, बरखेड़ा

- सख्ती कर बंद कराया काम मचा रहा हड़कंप

**अमृत विचार:** एसडीएम बीसलपुर के निर्देश पर बीते दिनों राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के समीप खाली पड़ी जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया गया था।रविवार को निर्माण कार्य दोबारा होने लगा।इसकी सूचना मिलने पर तहसीलदार पुलिस बल के साथ पहुंची और निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया।

बता दें कि खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने एसडीएम बीसलपुर को विगत दिनों पत्र भेजा था।जिसमें बताया था कि कस्बा बरखेड़ा कला में जूनियर हाई स्कूल बरखेड़ा कलां के नाम जमीन दर्ज है। वर्तमान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पीछे खाली पड़ी भूमि पर मेला कमेटी के द्वारा अतिक्रमण करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि मेला कमेटी का उपरोक्त भूमि पर कोई स्वामित्व/ विधिक अधिकार नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी ने भूमि पर मेला कमेटी नगर पंचायत बरखेड़ा द्वारा अवैध रूप से कराये जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाने और भूमि खाली कराने की मांग की थी। एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय के निर्देश पर इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। कानूनगो मोहम्मद असलम ने बताया कि मेला कमेटी के द्वारा रविवार को दोबारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर तहसीलदार करम सिंह, इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला पुलिस फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे थे। चल रहे निर्माण कार्य को दोबारा रुकवा दिया है।


निर्माण कार्य की सूचना पर पहुंची टीम। ● अमृत विचार

## बंटवारे के विवाद में पिता को पुत्रों ने पीटा

**गजरौला, अमृत विचार:** जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में पुत्रों ने पिता की पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गजरौला थाना क्षेत्र ग्राम मूड़ा सेमनगर उर्फ पंडरी के रहने वाले सालिकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चार पुत्र हैं। जिसमें दो पुत्रों की शादी हो चुकी है। पवन और रूम सिंह दोनों पुत्र उन पर जमीन बंटवारे का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर आए दिन मारपीट करते हैं। बुधवार को घर से कोई साइकिल उठा ले गया। उसी को लेकर वह बात कर रहे थे। तभी दोनों पुत्रों ने मारपीट शुरू कर दी।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक चालक गंभीर घायल

**भानपुर, अमृत विचार :** भानपुर चौराहा पर कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव शंकरपुर निवासी रविंदर किसी काम से भीरा गया था। वापस आते समय उसकी बाइक और कार में भानपुर चौराहा पर आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव वालों की मदद से घायल को एंबुलेंस 108 से अस्पताल भेजा गया है। सूचना पर पहुंची बिजुआ चौकी पुलिस ने बाइक और कार का अपने कब्जे में ले लिया है।

### दुधवा में रखे जाने वाले नेचर गाइडों की परीक्षा हुई

**पलियाकलां ,अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के पर्यटन सत्र 2024 -25 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रखे जाने वाले नेचर गाइडों के चयन की परीक्षा रविवार को स्थानीय द इंडियन एकेडमी स्कूल में संपन्न हुई, जिसमें 216 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ रंगा राजू टी, वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा महावीर सिंह सहित रेंज ऑफिसर सुरेंद्र कुमार, अयूब खान, रामकुमार प्रथम, सोबरनलाल के अतिरिक्त विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी चंदन मिश्रा आदि ने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के परीक्षा कक्ष में पहुंचकर निरीक्षण किया।

# रसीद को लेकर मची रार के बीच दस दिन और बढ़ा मेला

## दशहरा मेलाः ट्रस्ट व नगर पालिका के बीच विवाद में फंसे दुकानदारों ने दिया धरना, दुकानें दूसरे दिन भी रहीं बंद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की चेतावनी से आक्रोशित मेला दुकानदारों ने शनिवार को दुकानें बंद कर दी, जो रविवार देर शाम तक नहीं खुली। दुकानदार दोबारा रसीद कटवाने का विरोध कर रहे हैं। मेला मैदान में धरने पर बैठे दुकानदारों का कहना है कि हम लोग ट्रस्ट से रसीद कटवा चुके हैं। अब दोबारा पालिका से रसीद कटवाना संभव नहीं है। मेला दुकानदारों ने मेला अवधि बढ़ाने की मांग भी शुरू कर दी है।

उधर, पालिकाध्यक्ष ने रविवार को नगर पालिका परिसर में प्रेसवार्ता कर विपुल सेठ पर ट्रस्ट का सर्वराकार होने पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। उनका कहना है कि ट्रस्ट की समिति होती है, जो सर्वराकार नियुक्त करती है। आखिरकार वह कहां है। शाम को मेला मैदान पहुंचे एसडीएम ने मेला अवधि दस दिन बढ़ाने के लिए कहा।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा रसीद कटवाने के बाद ही दुकानें खोलने की चेतावनी देने से दुकानदार आक्रोशित हैं। दुकानदारों ने न तो शनिवार को दुकानें खोली और न ही रविवार को। ऐसे में मेला देखने पहुंचे लोग मायूस होकर लौट गए। पालिका प्रशासन की ओर से रसीद कटवाने का अल्टीमेटम दिए जाने और ट्रस्ट की ओर से वसूली गई धनराशि वापस न किए जाने से आहत दुकानदार रविवार को अपनी दुकानें बंद कर धरने पर बैठ गए। दुकानदारों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी प्लाट, बिजली, पानी, सफाई आदि को लेकर रशीद कटवा चुके हैं। हालांकि पहले 25 फीसद ट्रस्ट की रसीद कटती थी और 75 प्रतिशत नगर पालिका की। मगर, इस बार पालिका द्वारा मेला लगवाने से हाथ खड़े करने पर ट्रस्ट ने पूरा पैसा लेकर रशीद काटी है। रसीद कटने के बाद विवाद शुरू हो गया। इसमें हम लोगों की गलती क्या है। दुकानदारों का कहना है कि कुछ दिन दुकानें लगवाने के लिए रात भर तहसील प्रशासन मेला मैदान में डेरा डाले रहा। मगर, अब कोई सामने नहीं आ रहा है। विवार नगर पालिका और ट्रस्ट का है। मगर, पिस हम लोग रहे हैं।


प्रेस वार्ता करतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।


मेला मैदान में दुकानें बंद कर धरना देते दुकानदार। ● अमृत विचार

### पालिकाध्यक्ष ने ट्रस्ट पर उठाये सवाल

**लखीमपुर खीरी :** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने मेले पर मची रार को लेकर रविवार को पालिका कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने ट्रस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके ट्रस्टी कहां है, किसने विपुल सेठ को सर्वराकार बनाया है। सोशल मीडिया पर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। मेला मैदान की जमीन की कीमत अरबों रुपये है। जिस पर कब्जा करना चाहते हैं। जबकि यह जमीन महेवा स्टेट की है। महेवा स्टेट के राजा ने जमीन 90 साल के लिए दी थी, जिसकी अवधि 2027 में पूरी हो रही है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि महेवा स्टेट की तरफ से स्पष्ट लिखा है कि 11 माह यह जमीन ट्रस्ट के संरक्षण में रहेगी और एक माह नगर पालिका के। उन्होंने बताया कि विपुल सेठ ने मेला दुकानदारों से करीब एक करोड़ रूपये वसूले हैं, जो उन्हें वापस करने चाहिए। हालांकि पालिकाध्यक्ष का कहना है कि वह मेला दुकानदारों के साथ है। उनका अहित नहीं होगा। वह दुकानें खोलें। किसी ने दुकानें बंद करने के लिए नहीं कहा। दुकानदारों का इधर जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए मेले की अवधि भी बढ़ाई जाएगी।


मेले में बंद पड़ी दुकानें। ● अमृत विचार

### मेले की साख पर लग रहा बट्टा

मेले की साख पर बट्टा पर लग रहा है। शहरवासियों से लेकर दुकानदारों का कहना है कि जिला मुख्यालय का मेला आस पास के जिलों में काफी विख्यात था। मगर, पिछले तीन साल से जिम्मेदार इसे बंटाधार करने पर आमादा है। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले सालों में मेले का वजूद ही मिट जाएगा। दुकानदारों ने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द ही कुछ निराकरण न हुआ तो अगले साल न तो दुकान लगाएंगे और न ही किसी को लगाने देंगे। मेला मैदान पर बैठकर धरना देंगे।

### दस दिन बढ़ा मेला, दुकानदारों के चेहरे पर आई मुस्कान

धरना प्रदर्शन से लेकर आरोप प्रत्यारोप के बाद रविवार को तहसील प्रशासन मेला मैदान पुहंचा। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने मेले की समयावधि दस दिन बढ़ाने के लिए कहा है। इससे दुकानदारों में खुशी है। दुकानदारों ने बताया कि मेले अवधि बढ़ाने से काफी राहत मिलेगी। वहीं एसडीएम ने पांच से छह दिन में रसीद कटवाने के लिए भी कहा है।

# तेंदुआ ने गन्ने के खेतों में जमाया डेरा, सहमे ग्रामीण

**निघासन,अमृत विचारः** दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी के तहत शनिवार की देर शाम लुधौरी ग्राम पंचायत के लोगों ने गन्ने के खेतों के आसपास तेंदुए को देखा।

कुछ लोगों ने चहलकदमी करते उसकी वीडियो बनाई और वायरल कर दिया।वन विभाग की टीम ने तेंदुआ होने की पुष्टि करते हुए ग्रामीणों को सचेत रहने को कहा है। शनिवार की देर शाम जोखीपुरवा गांव के लोगों ने केले के खेत में तेंदुए का देखा। लोगों ने शोर मचाया तो वह भागकर बग्गा सिंह, मोदी सिंह, तरसेम सिंह के घर के पास दुबक कर बैठ गया। तेंदुआ ने बग्गा सिंह के कुत्ते पर हमला बोल दिया। रविवार करीब करीब चार बजे तेंदुआ गोविंदपुर फार्म पहुंचा। मान सिंह के घर के बाहर बंधे बछड़े को तेंदुआ बीरबल सिंह के खेत में खींच ले गया।

ग्रामीणों ने सुबह उठकर बछड़े की तलाश की, लेकिन खेत में कुछ नहीं मिला। कुछ घंटे बाद तेंदुआ बरूही फार्म के किसान पाल सिंह को दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तेंदुआ होने की सूचना दक्षिण निघासन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। उसने पग चिह्न देख तेंदुआ होने की पुष्टि की है। वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि टीम को कांबिंग के लिए लगाया है।

## सार-संक्षेप

### एक माह बाद भी लापता युवक का सुराग नहीं

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ईदगाह से ई रिक्शा लेकर गए युवक का एक माह बाद भी पता नहीं चला है। मोहल्ला ईदगाह निवासी आफ़ताब आलम 20सितंबर को ई रिक्शा लेकर गया था जो रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की पर कुछ पता नहीं चला तो सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। खोजबीन में आटो गोला कुकरा जंगल में नहर के आगे खड़ा मिला था मिल गया था, जिसकी बैटरी गायब थी। उसके बाद से अभी तक लापता युवक का कोई पता नहीं लग सका है। परिवार वालों का कहना है कि अब पुलिस भी युवक की तलाश में कोई रुचि नहीं दिखा रही है।

### दबंगों ने दंपती को पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ढोंगवा गांव में घर में घुसकर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। पति को बचाने आई उसकी पत्नी को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के ग्राम ढोंगवा निवासी उजागरलाल के बेटे बिंद्रा प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह शाम को अपने घर बैठा था तभी गांव के कुछ दबंगों ने गली गलौज शुरू कर दिया। उसने जब विरोध किया तो उसके घर घुसकर उसे मारा पीटा। पति की पिटाई होती देख उसकी पत्नी अनीता भी उसे बचाने दौड़ी। आरोप है कि दबंगों ने उसे भी मारा पीटा।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र ग्राम फूलपुर में परचून की दुकान में चोरी के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम फूलपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र अर्जुनलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की देर रात गांव निवासी विनोद कुमार व काशीराम ने उसकी परचून की दुकान में शटर तोड़कर गुल्लक में रखे 28 हजार रुपए नगद, सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। कुछ दिन पूर्व विनोद को चोरी हुए चांदी के पायल व हाथफूल के साथ उसे पकड़ लिया था। उसका आरोप है कि दोनों लोगों ने उसके यहां चोरी की है। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मोहम्मदपुर ताजपुर में पांच दुकानों में लाखों की चोरी

**संवाददाता पसगवां, अमृत विचार :** ग्राम मोहम्मदपुर ताजपुर में चोर शटर तोड़कर पांच दुकानों से लाखों का माल समेट ले गए। मोहम्मदपुर ताजपुर में रोड के किनारे अनिल कुमार गुप्ता की सर्राफा की दुकान का ताला तोड़कर चोर 47500 रुपए के अलावा आर्टिफिशियल ज्वेलरी ले गए। चोरों ने अलमारी ले जाकर दो सौ मीटर दूर फेंक दी। दूसरी घटना राज कुमार यादव की दुकान यादव खाद भंडार में हुई, जहां चोर शटर तोड़कर 10 हजार रुपए , कीटनाशक सहित लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान ले गए। इसके अलावा हबीब वेग और फरमान वेग की मोबाइल की दुकान के शटर तोड़कर लगभग बीस हजार रुपए के नए और पुराने मोबाइल उठा लिए। इसके अलावा इंतजार की दो बाइकें भी चोर उठा ले गए। इरफान की दुकान का शटर तोड़कर नकदी ले गए। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों बाइकें खेत में मिल गई हैं । चोरों की तलाश की जा रही है।

### मारपीट की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में शराब के नशे में गाली गलौज करने पर विवाद हो गया। विरोध करने पर उसकी लाठी डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ताजपुर निवासी रोशनलाल पुत्र रामचंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की देर रात 10 बजे पड़ोसी श्याम सुंदर पुत्र रामलाल शराब के नशे में उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा। जब गाली गलौज का विरोध किया तो उसने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भीड़भाड़ की जगहों पर सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे सिपाही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया ने त्योहारों पर सतर्कता को कहा

**अमृत विचारः** त्योहारों पर चोरी, लूट की बढ़ती वारदातों को लेकर कोतवाली तिकुनिया पुलिस सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने त्योहार पर होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए प्लान तैयार कर उसे रविवार से लागू कर दिया है। भारत-नेपाल सीमा के साथ ही कस्बा बेलरायां और तिकुनिया बाजार में सिपाही सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे। इसके अलावा क्षेत्र की साप्ताहिक बाजारों और भीड़ भाड़ वाली जगहों पर पुलिस घूमती रहेगी।

सर्दी के मौसम में कोहरा भी गहराने लगता है। ऐसे में चोरी, राहजनी और लूट की घटनाएं बढ़ जाती है। इन घटनाओं को रोकने के लिए तिकुनिया पुलिस ने सुरक्षा प्लान तैयार किया है। पुलिस जेल से छूटे चोरी, लूट आदि मामलों के अपराधियों की निगरानी कर रही है। वह पता लगा रही है कि यह अपराधी कहां हैं और क्या कर रहे हैं। प्रकाश में आने वाले अपराधियों के घरों पर भी पुलिस छापा मार रही है। प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि त्योहारों पर बाजारों में अधिक भीड़ भाड़ रहती है। ऐसे में घटनाएं होने की संभावना रहती है। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र के प्रमुख कस्बा बेलरायां और तिकुनिया में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी नजर रखेंगे। भारत-नेपाल सीमा पर भी यूपी 112 के साथ पुलिस भ्रमणशील रहेगी। बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव और सभी हल्का इंचार्जों को क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें हाल ही में मितौली क्षेत्र में लुटेरों ने बाइक सवार को गोली मार दी थी। उससे नगदी और उसकी पत्नी के जेवर लूट ले गए थे। इससे पहले भी मितौली क्षेत्र में दो लूट की वारदात हो चुकी हैं।

# स्मृति महाविद्यालय में एनसीसी छात्रों का प्रशिक्षण शुरू

**पलिया कलां,अमृत विचारः** स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय बोझवा (भीरा) में एनसीसी निदेशालय एवं ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के तत्वावधान में दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 17 विद्यालयों के 600 एनसीसी कैडेट्स व 50 सैन्य अधिकारी, कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं ।

कैंप कमांडेंट कर्नल चित्रसेन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स में एकता, अनुशासन व अखंडता की भावना पैदा कर सैन्य सेवा का प्रशिक्षण देना और एकजुटता के साथ कार्य करने को प्रेरित करना है। इस दौरान डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश सिंह चौहान, सूबेदार मेजर करन सिंह, पांच एनसीसी अधिकारी, 22 सैन्य प्रशिक्षकों के अलावा स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बदमाशों ने तमंचा दिखाकर लूटे कंगन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में चोरी व लूट की वारदातें लगातार जारी हैं। रविवार की सुबह करीब नौ बजे बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी से जा रही एक महिला को ओवरटेक कर ओवरब्रिज के निकट शिव मंदिर के पास रोक लिया। तमंचे के बल पर उसके सोने के कंगन लूटकर भाग निकले।

गुरु नानक इंटर कॉलेज के निकट रहने वाली राजकुमारी रविवार की सुबह स्कूटी से जा रहीं थीं। गुरु नानक इंटर कॉलेज के मुख्य गेट के सामने स्थित अमर मिलन गेस्ट हाउस पर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने आवाज देकर रोकने की कोशिश की। राजकुमारी ने बताया कि जब उन्होंने स्कूटी नहीं रोकी तो बदमाशों ने ओवरटेक कर कुछ दूर ओवरब्रिज के निकट शिव मंदिर के पास उनकी स्कूटी रोक ली और कहा कि शहर में बवाल चल रहा है। एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। वह उसके पास मौजूद सामान की चेकिंग करेंगे। जब उसने विरोध किया तो एक बदमाश ने तमंचा तान दिया और सोने के कंगन निकालकर पर्स में रखने के लिए कहा। घबराई महिला ने दोनों कंगन निकालकर अपनी पर्स में रख लिए। इतने में ही लुटेरे पर्स से कंगन लूटकर भाग निकले। पीड़िता के शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंचते। इससे पहले ही तीनों बदमाश भाग गए। महिला के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों के साथ महिला एलआरपी चौकी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामला संकटा देवी चौकी का होने पर पुलिस उसे संकटा देवी लाई। पीड़ित महिला के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### सिपाहियों ने बोलकर लिखवाई तहरीर

शहर की संकटा देवी चौकी क्षेत्र में चेन, कुंडल लूट की कई वारदातें हो चुकी हैं। किसी भी वारदात का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस की निष्क्रियता के कारण रविवार की सुबह महिला के कंगन लूटे जाने की वारदात हो गई। पीड़िता राजकुमारी ने बताया कि उसके पुत्र अखिल वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी उसे सिपाहियों ने लेने से इंकार कर दिया। सिपाहियों ने पुलिस चौकी पर खुद बोलकर तहरीर लिखवाई और उसके पुत्र के हस्ताक्षर करा लिए। वह तहरीर में कंगनों का वजन भी लिखना चाहती थी, लेकिन पुलिस ने नहीं लिखने दिया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमर मिलन गेस्ट हाउस के पास नहर पटरी चौराहा होने के कारण यहां पर यातायात पुलिसकर्मी भी तैनात रहते हैं। जिस वक्त घटना हुई। उस दौरान वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। सदर कोतवाली पुलिस गुरु नानक इंटर कॉलेज के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

> महिला ने झांसा देकर कंगन छीने जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी दिखवाए जा रहे हैं। जल्द ही घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ लिया जाएगा।
>
> -अंबर सिंह, शहर कोतवाल

# दो पक्षों में मारपीट, पथराव में कई घायल

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** मैलानी के हजरतपुर में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों ने एक -दूसरे पक्ष पर पथराव किया। 12 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर है। उसे उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना मैलानी की पुलिस चौकी कुकरा क्षेत्र के गांव हजरतपुर में दो पक्षों के मध्य शनिवार की रात विवाद हो गया। दोनों में जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडे चलने से अफरा-तफरी मच गई। दोनों तरफ से चले ईंट-पत्थर भी चले। मारपीट में प्रथम पक्ष के छोटन्नी देवी पत्नी स्व. कमल कुमार, रामसरन पुत्र उजागर लाल, संध्या देवी पुत्री रुकमकेश, रमाकांत पुत्र जगदम्बा प्रसाद, बच्चनलाल पुत्र रूपराम, दिनेश पांडे पुत्र उजागर लाल, राहुल पांडे पुत्र उजागर लाल और विमल पांडे पुत्र रुकमकेश घायल हुए है। जबकि दूसरे पक्ष के बिंद्रा प्रसाद दिवाकर पुत्र बाबू, विंदेश दिवाकर पुत्र रामकिशन, प्रदीप कुमार दिवाकर पुत्र रामकिशन, दिनेश कुमार दिवाकर पुत्र तेजा, कमलेश पुत्र पराग, अरविन्द पुत्र तेजराम और मनोज पुत्र पराग के भी अंदरूनी चोटें आईं हैं। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केद भर्ती कराया। बिंद्रा प्रसाद दिवाकर की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया हैं।


बिंद्राप्रसाद दिवाकर।

> हजरतपुर में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों पर पुलिस की नजर है। मारपीट के नौ आरोपियों का चालान भेजा गया है।
>
> -जितेंद्र बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी कुकरा।

# कंपनी के काम से निकली युवती लापता

**निघासन, अमृत विचारः** घर से कंपनी के काम के लिए निकली युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजन कंपनी में जानकारी लेने पहुंचे तो वहां युवती का बैग रखा मिला। निघासन कोतवाली क्षेत्र के बंगलहा तकिया निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बेटी शिम्पी शनिवार को सुबह घर से कंपनी के लिए निकली थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। कंपनी में पहुंचकर जानकारी ली तो वहां से कुछ पुख्ता नहीं हो पाया। कंपनी में ही उसका बैग मिला है। प्रभारी निरीक्षक महेशचंद ने बताया कि शिकायत मिली है। गुमशुदगी दर्ज की गई है। जल्द ही उसे सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# संविदा कर्मियों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचारः** उप्र पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा और उनका तत्काल निस्तारण कराने की मांग की। निस्तारण न होने पर 21 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

संघ के जिला महामंत्री अमित कुमार मिश्र ने बताया कि विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से असभ्य व अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। संविदा कर्मियों को बिना कारण या दोष के हटा दिया जाता है। संविदा कर्मचारियों से 8 घंटे 26 दिन के स्थान पर 12 घंटे 30 दिन कार्य कराया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। अनुबंध के आधार पर काम और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जायें। कर्मचारियों के वेतन से ईएसआईसी अंशदान की कटौती करने के बावजूद भी कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। कहा कि समस्याओं को लेकर 21 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्र, रामबहादुर, पंकज अवस्थी, प्रदीप दीक्षित, विनय कुमार वर्मा, अंकित राजवंशी आदि शामिल हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# दबंग पर कार्रवाई को चक्कर लगा रही पीड़िता

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** मरघट रोड निवासी महिला का कहना है कि दबंग उसके घर घुसकर उससे छेड़छाड़ करता है। 15 अक्टूबर 2022 को उसका पति घर नहीं था। तभी दबंगों ने धमकी देते हुए दरवाजा खुलवा लिया और तमंचा दिखा कर छेड़छाड़ व दुष्कर्म की कोशिश की। इसी बीच उसका पति आ गया तो दबंग छत के रास्ते से भाग निकला। उसने 15 अक्टूबर को तहरीर दी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। 26 अक्टूबर 2022 को फिर तहरीर दी फिर भी कुछ नहीं हुआ। महिला का कहना है कि वह दो सालों से पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही है, पर उसकी कोई नहीं सुन रहा है। पीड़िता ने लखीमपुर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# संदिग्ध पाउडर में नहीं मिला कोई विस्फोटक अवयव

संवाददाता, पलिया कलां

● हफ्ते भर से पुलिस दबाए बैठी थी लैब से आई जांच रिपोर्ट

● भारत-नेपाल सीमा पर पकड़े गए संदिग्ध पाउडर का मामला

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल सीमा पर बंसीनगर पुलिस चौकी के पास डीसीएम में पकड़े गए संदिग्ध पाउडर की विधि विज्ञान प्रयोगशाला से आई रिपोर्ट को पुलिस हफ्ते भर से दबाए बैठी थी। रिपोर्ट के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध पाउडर में कोई विस्फोटक अवयव नहीं मिला है। पुलिस ने अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पलिया सीओ यादवेंद्र ने करीब दो महीने पहले भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बंसीनगर पुलिस चौकी के पास एक डीसीएम को रोककर तलाशी ली थी। डीसीएम में 360 बोरों में संदिग्ध पाउडर बरामद किया था। पूछताछ के बाद मशानखंभ स्थित एक गोदाम से तीन बोरे संदिग्ध पाउर भी बरामद हुआ था। बोरियों पर सोडा एस, भर्ती 50 किलोग्राम और मेड इन चाइना लिखा था। पुलिस ने एक ग्राम प्रधान, ट्रक चालक समेत सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। चंदन चौकी निवासी मुकेश बंसल, बुद्धापुरवा मजरा रामनगर निवासी विजय कुमार गुप्ता, चंदनचौकी निवासी प्रदीप बसंल और बरेली के थाना सीबीगंज के गांव परसाखेडा गौटिया निवासी डीसीएम चालक किशुन पाल को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। नेपाल से तस्करी कर लाया गया संदिग्ध पाउडर दिल्ली निवासी सुनील कुमार के पास भेजा जा रहा था। सुनील ने पुलिस से बचने के लिए फर्जी बिल बनवाने में अहम भूमिका निभाई और अपने बचाव में गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी चन्दन चौकी से शाश्वत इन्टरप्राइजेज विकास नगर सोनीपत हरियाणा भेजने के लिए 31 अगस्त को बिल तैयार कराया था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा से करीब एक हफ्ते पहले जांच रिपोर्ट आ गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक संदिग्ध पीले पाउडर में विस्फोटक अवयव के रूप में नहीं पाया गया है। हालांकि उसमें भौतिक व रासायनिक विधियां प्रयोग किए जाने का खुलासा हुआ है।

> विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आ गई है। पाउडर में विस्फोटक अवयव नहीं मिले हैं। विशेषज्ञों की राय लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -यादवेंद्र यादव, सीओ पलिया

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनप्रीत सिंह अविवाहित है तथा उसने कहीं भी, किसी से भी प्रेम विवाह या विवाह नहीं किया है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करायें। **अमरजीत सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी ग्राम निवार ऐंठपुर पोस्ट सखौला तहसील अमरिया जिला पीलीभीत। मो. 9759003746**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### रचना सक्सेना को पीएचडी की उपाधि

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी स्वर्गीय सुरेश चंद्र सक्सेना एवं कमलेश कुमारी सक्सेना की पुत्री रचना सक्सेना ने एमएच पीजी कॉलेज मुरादाबाद के शोध निर्देशक डॉ रवीश कुमार के निर्देशन में भारतीय समकालीन चित्रकला में सौंदर्य की अवधारणा पर पीएचडी की। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 22 वें दीक्षांत समारोह में उन्हें पीएचडी की उपाधि दी गईहै। परिवार सहित शुभचिंतकों में खुशी है।

### इग्नू में 31 अक्टूबर तक होंगे प्रवेश

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के अध्ययन केन्द्र सीजीएन पीजी कॉलेज में बीए, बीकाम, एमए हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास, छह माह के विभिन्न रोजगार परक सर्टिफिकेट कोर्स, एक वर्षीय डिप्लोमा आपदा प्रबन्धन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि में ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। इग्नू समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### कोटे की दुकान चयन में धांधली की शिकायत

**खमरिया,अमृत विचार :** गांव दरिगापुर में शनिवार को कोटा की दुकान का चयन प्रस्ताव होना था। गौतम बुद्ध स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कलावती पत्नी नीरज कुमार का आरोप है कि पुलिस ने कोटे की दुकान चयन के लिए बुलाई गई बैठक में धांधली करवाने की नियत से न तो हमें अंदर जाने दिया और न ही कागज जमा करने दिए। ग्राम प्रधान व ख़मरिया पुलिस की मिली भगत से दूसरे पक्ष का निर्विरोध चयन कर लिया गया। पीड़िता ने खमरिया पुलिस व ग्राम प्रधान पर चयन में धांधली करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम धौरहरा को शिकायती प्रत्र देकर दुकान का चयन निरस्त करने और मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# करवा चौथ : तुम्ही मेरे मंदिर, तुम्ही मेरी पूजा, तुम्ही देवता हो...

## पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का दीदार कर व्रत का किया पारायण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रविवार को जिले भर में करवा चौथ का पर्व उत्साह और परंपरा के साथ मनाया गया। पति की दीर्घायु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा। शाम को सुहागिनों ने विधि विधान से पूजन कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर छलनी से पति का दीदार कर व्रत खोला। पूजन के बाद दंपतियों के सेल्फी लेकर फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का सिलसिला रात तक चलता रहा।

करवा चौथ को लेकर रविवार सुबह से ही महिलाओं में उत्साह था। घरों में दोपहर से ही पकवान बनाने का सिलसिला शुरू हो गया। सुहागिनों ने शादी का जोड़ा या नये खरीदे परिधान पहनकर सोलह श्रृंगार किया। शाम होते ही घरों की छतों पर रौनक बिखर गई। महिलाओं के साथ उनके पति और बच्चे छतों पर पूजन की तैयारियां करते दिखे। सुहागिनें पूजन करने के बाद चांद निकलने का इंतजार करते दिखीं। रात करीब 07:40 पर चांद का दीदार होते ही महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य दिया और फिर छलनी में दीपक जलाकर चंद्रमा और उसके बाद पति का दीदार किया। पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोला।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के धौरहरा कस्बे सहित कफारा,अभयपुर, गुलरिया ईसानगर खमरिया रमियाबेहड़ सहित क्षेत्र के सभी गांवों में करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने निर्जला करवा चौथ का व्रत रखकर सजधज कर चन्द्र दर्शन के बाद गौरी गणेश कर पति परमेश्वर की आरती के बाद व्रत तोड़ा। इस दौरान सुहागिनों ने लोक कथाएं भी सुनी।


शहर के मोहल्ला काशीनगर में करवा चौथ पर पूजन करतीं सुहागिनें। ● अमृत विचार


चंद्रमा निकलने के बाद मोहल्ला बहादुर नगर में छलनी में पति को देखती सुहागिन।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सुहागिनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार करवा चौथ माना जाता है। सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर शाम को चंद्र देव को अर्घ्य देकर छलनी से दर्शन, पूजन कर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।

पतिव्रत करवा चौथ की तैयारियां घरों में सुबह से ही चल रही थी। महिलाओं ने करवा पोस्टर और दीवार में चित्रकारी उकेरकर चौकर पूरकर कलश जलाकर फल, फूल, मिष्ठान, गेहूं और चावल के आटे से पकवान, धूप से करवा पूजन किया। बुजुर्ग महिलाओं ने करवा की कथाएं सुनाई। सुहागिनों ने उगते चंद्र को अर्घ्य देकर छलनी से दर्शन कर पति के दीर्घायु की कामना की। नव विवाहिताओं ससुराल में अपने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सुहागिनों ने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण किया।


गोला में करवा पूजा करतीं सुहागिनें। ● अमृत विचार

### प्रियतम की सलामती के लिए विवाहिताओं ने रखा व्रत

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** करवा चौथ को लेकर सुबह से ही घरों में पूजन की तैयारियां शुरू हो गईं। दिन भर महिलाएं व्रत रहकर पूजा पाठ की तैयारियों में लगी रहीं। घरों में भगवान गणेश, करवा माता सहित शंकर पार्वती की स्थापना की। शाम होते ही महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर सामूहिक रूप से विधि विधान सहित पूजन अर्चन कर करवा माता की कथा सुनी। इसके बाद उगते चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु की कामना करते हुए छलनी में पति का चेहरा देखा और उनके हाथ से पानी पीकर व्रत का पारण किया। बिझौली में भी सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत कर शाम को विधि विधान से पूजन कर उगते चंद्रमा और पति का दर्शन कर सदा सुहागिन का आशीर्वाद लिया। गांव जमुनहां, चिंतापुरवा, रमुआपुर, बिझौली,में अखंड सुहाग का प्रतीक करवा चौथ का व्रत रविवार को श्रद्धा, उत्साह एवं परंपरा के साथ मनाया गया। बुजुर्गों से अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद लिया।

### जेल में विशेष प्रबंध, 13 महिला कैदियों ने रखा व्रत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के लिए खासा महत्व रखता है। जिला जेल में कैद 13 महिलाओं ने व्रत रखा। जेल प्रशासन ने भी व्रती महिलाओं के लिए विशेष प्रबंध किए थे। जेलर हरबंश कुमार पांडेय ने बताया कि जेल में निरुद्ध 13 महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। इनमें से नौ महिलाओं के पति भी जेल में बंद हैं। महिलाओं के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। उन्हें साज-सज्जा और पूजा के लिए सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं के पति जेल में बंद हैं। उनके पतियों को चांद के उदय होने पर बुलाया गया। महिलाओं के पूजा-अर्चना करने के बाद उनकी पतियों से मुलाकात कराई जाएगी। जेल प्रशासन ने इन व्रती महिलाओं को पूजा के लिए करवां, चूड़ा, मिठाई, और कड़ी-चावल जैसे आवश्यक सामान उपलब्ध कराए हैं।


कंपनी बाग के सामने शोरूम पर आभूषण खरीदते दंपती। ● अमृत विचार

### पतियों ने पत्नियों के लिये खरीदे उपहार

करवा चौथ पर पत्नी को उपहार देने के लिए रविवार को भी सराफा की दुकानों पर खरीदारी उमड़ते रहे। रविवार सराफा की दुकानों पर पति ने पत्नियों को गिफ्ट देने के लिए सोने से लेकर चांदी के आभूषण खरीदे।

# दूसरों के दोष देखकर हंसने वाले मनुष्य को अपने दोष नहीं दिखते

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार:** कबीरधाम मुस्तफाबाद में संत असंग देव के सानिध्य में स्मृति एवं जन्मोत्सव मेला का समापन किया गया। मुख्य अतिथि कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलौत को चांदी का मुकुट भेंट कर आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने आश्रम परिसर में बादाम का पौधा लगाकर सत्संग में लोगों को नेक राह पर चलने की सलाह दी।

मुख्य अतिथि कर्नाटक राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कबीरधाम आश्रम के सुखद सत्संग पंडाल में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर सत्संग की शुरुआत कराई। उन्होंने असंग साहब ने उन्हे बरेली के सोने चांदी के आभूषण विक्रेता दयाशंकर वर्मा द्वारा दिया गया चांदी का मुकुट भेंट किया। राज्यपाल ने आश्रम में बने क्षमा देव, गुरमन देव मंदिर का उद्घाटन कर दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर महान संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम में बादाम का पौधा भी रोपा। राज्यपाल ने कहा कि भारत सोने की चिड़िया थी और फिर से भारत की सोने की चिड़िया हो जाएगा। कबीर देव जी धन्य हैं, धन्य क्षमा महाराज, गुरमन देव भी धन्य हैं, करो सफल मम काज।

संत असंग देव ने सुनाया कि- दोस्त पराए देखि कर, चला हसत हसन। अपने याद न आवै जिनका आदिना अंत।।

कहा कि यह मनुष्य का स्वभाव है कि जब वह दूसरों के दोष देखकर हंसता है तब उसे अपने दोष याद नहीं आते, जिनका न आदि है न अंत। अगर जिंदगी में कुछ पाना है तो उसके लिए आराम को त्यागना अति आवश्यक है। मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

● कबीरधाम में जन्मोत्सव एवं सत्संग मेला का समापन


कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलौत को चांदी का मुकुट पहनाते असंग देव।


आश्रम पर सत्संग सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोता। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### श्रीराम कथा में सुनाया शबरी भक्ति का प्रसंग



**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीराम कथा में कथा व्यास प्रशांत जी महाराज ने सीता हरण और शबरी भक्ति की पावन कथा का बखान किया। कथाव्यास ने कहा कि प्रभु श्रीराम माता सीता की खोज करते हुए जीव जंतु, स्थावर आदि से सीता का पता पूछ रहे हैं- हे खग, मृग, हे मधुकर श्रेनी। तुम देखी सीता मृगनैनी।। श्रीराम भक्त शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं। दीन, पतित शबरी जन्म जन्म से अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन की प्रतीक्षा कर रही है। शबरी ने चखकर मीठे बेर भगवान को खिलाए। श्रीराम कथा सुनने के लिए दिनेश कुमार त्रिवेदी, प्रेमचन्द, शिवांशु त्रिवेदी, लालाराम, पदुमचंद्र मिश्रा, रामबिलास, मुकेश कुमार, शिवसागरलाल, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, जयप्रकाश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कुएं पर कर रहे गंदगी

**बरवर, अमृत विचार :** बरवर मेंबाजार में बना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादगार



ऐतिहासिक कुआं बदहाल है। इस कुएं पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद का शिलापट भी लगा है जिसका अनावरण मुख्यमंत्री ने किया है। 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा 2 अक्टूबर को यहां पर ध्वजा रोहण कि जाता है। मौजूदा स्थिति यह हो गई है कि लोग यहां गंदगी करते हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित साबिर अली ने मांग की कि कुआं पर सौंदर्यीकरण कराकर ग्रिल लगाई जाए, जिससे कोई यह पर पेशाब न कर सके।

# शिवलिंग पर जलाभिषेक से शनि व केतु दोष मुक्त होते हैं

संवाददाता पसगवां

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में प्रशान्त प्रभु महाराज ने कहा कि श्री हरि नारायण की कृपा व मार्गदर्शन के बाद जब नारद मुनि हिमालय के घर पहुंचे तो उन्होंने भक्ति के साथ उनका स्वागत सत्कार किया। हिमालय राज की पत्नी मैना देवी ने महर्षि से पुत्री लाली हाथ देखने का आग्रह किया। नारद ने कहा लाली का पति भिक्षुक होगा, बाघम्बर धारी होगा, अमंगल हारी और साक्षात ईश्वर होगा। देवर्षि ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर नित्य बेलपत्र में कुमकुम व चंदन लगा कर के भगवान शिव के 1008 नाम का जप करते हुए पूजन से सौभाग्य की प्राप्ति होगी। शिवलिंग पर जल चढ़ाने से शनि व केतु दोष मुक्त हो जाते हैं। गाय के दूध से जलाभिषेक करने पर रोग नष्ट के साथ संतान का सुख प्राप्त होता है। गेहूं से 1008 नाम लेकर अभिषेक करके वही गेहूं गौमाता को खिलाने पर पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। ऐसा मनुष्य में शिवरात्रि व अष्टमी को करना चाहिए। भगवान शिव संध्या पूजन करने व अभिषेक करने से बहुत प्रसन्न होते हैं।


प्रशांत प्रभु महाराज

# गुरु द्रोणाचार्य और युवराज दत्त बने चैंपियन


डीएस कॉलेज में कबड्डी में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार


विजेता टीमों को सम्मानित करते डीआईओएस व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति ने युवाओं में खेल और राष्ट्र भावना को बढ़ाने को लेकर रविवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन धर्म सभा इंटर कॉलेज में किया। आरंभ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय सिंह, जिला संघचालक अवधेश गुप्ता एवं वाईडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. डीएन मालपानी व जिला प्रचारक अविनाश ने किया। सीनियर वर्ग में गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय, रामापुर विजेता और एसजीएस डिग्री कॉलेज, रकेहटी उपविजेता रहा। जबकि जूनियर वर्ग में युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल विजेता और कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला की टीम उपविजेता रही। संचालन आशीष सिंह ने किया। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, जिला सहकार्यवाह अमरेश सिंह, आंनद अवस्थी, अनिल मिश्रा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, गोपाल अग्रवाल, अनिल मिश्रा, मयंक गुप्ता, विनय प्रकाश, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### परशुराम लक्ष्मण संवाद और सीता स्वयंवर का मंचन

**संवाददाता, रोशननगर,अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के कस्बा अजान में हो रही



रामलीला में कलाकारों ने धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद और सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया। राजा जनक के दरबार में देश विदेश से आए राजा महाराजा भगवान शिव के धनुष को तोड़ने का प्रयास करते हैं। धनुष भंग नं होने पर राजा जनक निराश हो जाते हैं। बाद में गुरु विश्वामित्र का आदेश मिलते ही श्रीराम धनुष भंग कर राजा जनक का संकट दूर करते हैं। शिव धनुष टूटने से क्रोधित हुए परशुराम राजा जनक के दरबार पहुंचते हैं। उनका लक्ष्मण के साथ तीखा संवाद होता है। अंत में परशुराम श्रीराम के वास्तविक रूप को पहचान जाते हैं और उनकी आराधना कर लौट जाते हैं। श्रीराम माता सीता के बीच जयमाल का मंचन किया गया।

### धान खरीद केंद्र के अभाव में नहीं मिल पा रहा सही मूल्य

**भीरा,अमृत विचार :** सरकारी धान खरीद केंद्र के अभाव में किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। वह औने- पौने दामों में धान व्यापारियों को बेचने पर मजूबर हैं। व्यापारी किसानों का धान 1750 से 1850 रुपया प्रति क्विंटल खरीद रहे हैं। वहीं उन्हें धान बिक्री के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के साथ भूमि का इंतखाब और बैंक खाता नंबर देने की शर्त अलग से लगा रहे हैं, जिसमें किसानों को धन की आवश्यकता के चलते यह शर्तें मानना मजबूरी बन रही है। किसान लखविंदर सिंह नसीब सिंह तफसीर अहमद जोरा सिंह नरेश सिंह मोकम सिंह का कहना है सरकार किसान की फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीद उनकी आर्थिक स्थिति तो मजबूत करना चाहती है, लेकिन धान खरीद केंद्र न होने से संभव नहीं। किसानों ने डीएम से खरीद केंद्र खुलवाने की मांग की है।

# पटेल सेवा संस्थान में गोष्ठी, एकजुटता पर जोर

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल में पटेल सेवा संस्थान कस्ता की बैठक की अध्यक्षता लाल जी वर्मा ने की। गोष्ठी में समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया।

बैठक में समाज में व्याप्त तमाम प्रकार की बुराई, आडंबर, अंधविश्वास, कुप्रथाएं, रूढ़िया प्राचीन मान्यताएं आदि से ऊपर उठकर शिक्षा एवं सियासत के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर बल दिया। इसके साथ ही अस्थाई रूप से कार्यकारिणी का गठन किया गया ,जिसमें संत कुमार वर्मा, सत्यपाल पटेल, प्रकाश वर्मा, सुरेश वर्मा ,रामदास वर्मा, रामशरन वर्मा ,चंद्रशेखर वर्मा, सुमेश वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा ,शंकर लाल वर्मा शामिल है। बैठक को प्रहलाद पटेल, अशोक कनौजिया, राजीव वर्मा, संदीप वर्मा, मनोज वर्मा, श्याम बिहारी वर्मा, राधेश्याम वर्मा, पुत्तू लाल वर्मा, आर डी वर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन पारस वर्मा ने किया।पूर्व प्रधान महेंद्र वर्मा, सत्य प्रकाश वर्मा, यज्ञ दत्त वर्मा, राधेश्याम वर्मा, सर्वेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा, रामसागर, उमेश वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, अभय वर्मा, रामनिवास वर्मा आदि रहे।


पटेल सेवा संस्थान की गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## सकेथू में बाघ ने गाय को बनाया निवाला

**केशवापुर,अमृत विचार:** बिलहरी वनबीट क्षेत्र के ग्राम सकेथू और कोड़री के बीच चंदोखा तालाब के निकट धान के खेत में रविवार सुबह बाघ ने छुट्टा गाय को मार डाला। खेत में छुट्टा गाय व बाघ के बीच संघर्ष होने के सबूत मिले। बाघ द्वारा सुबह किये गये शिकार को गन्ने में 200 मीटर तक खींच कर ले गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान दिनेश राज द्वारा किसान नेता अंजनी दीक्षित, वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे मोहम्मदी वनरेंज के डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, वन दरोगा मायाप्रकाश, बाघ मित्र सचिन वर्मा, धीरेंद्र कुमार, संजय कुमार ने घटनास्थल का मुआयना कर बाघ के हमले की पुष्टि करते हुए कांबिंग की।

# शरदकालीन गन्ना और सहफसली के बताए लाभ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि के अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्राम ढ़ोंगवा में किसान गोष्ठी कर उन्हें शरदकालीन गन्ने की बुवाई और सहफसली से होने वाले लाभ बताए।

प्रगतिशील कृषक ग्राम प्रधान नरेन्द्र सिंह के निवास पर प्रधान आदित्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी में वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि शरदकालीन गन्ने की बुआई के साथ सहफसल आलू, लाही, मटर, चना लगाकर दोहरा लाभ कमाएं। उन्होंने गन्ने की उन्नतिशील किस्मे को०-0118, 15023, कोलख०-14201, 16202, कोशा०-13235, 17231में से किसी भी किस्म का चयन कर बुआई करने की सलाह दी।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने योजनाओं की जानकारी दी। गन्ना प्रबंधक सत्येन्द्र मिश्रा, उप प्रबन्धक राजेश मिश्र ने भी उपयोगी जानकारी दी। संचालन सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। बचनलाल, रामअवतार, तुलसीराम, तिलकराम, चन्द्रिका प्रसाद, राहुल यादव, कामदार रामनरेश वर्मा, पंकज वर्मा, मुनेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

